>

Title : Need to provide financial and other assistance to tackle encephalitis in Eastern Uttar Pradesh.

श्री कमलेश पासवान (बांसगांव): अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिले में दिमागी बुखार का कहर पिछले तीन दशकों से जारी है, लेकिन सरकार की उदासीनता के चलते इस जानलेवा बीमारी से निजात पाने का आज तक कोई उपाय ढूंढ़ा नहीं जा सका है। इस बीमारी से पूर्वांचल के हज़ारों बच्चों और बूढ़ों की हर साल, हर साल क्या, बल्कि हर रोज पांच से दस मौतें होती हैं। सरकार अभी तक इस विषय में कोई व्यवस्था नहीं बना पाई है। इससे पहले भी इस सदन में इस मुद्दे को कई बार उठाया गया है, लेकिन मुझे लगता है कि सरकार इस विषय पर गंभीर नहीं है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से इस विषय पर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस जानलेवा बीमारी इंसेफेलाइटिस, जिसके कारण प्रतिदिन पांच से दस मौतें होती हैं, इस बारे में ऐसी कोई व्यवस्था बनाई जाए, जिससे कि पूर्वांचल, जो हमारा गरीब इलाका है, उन लोगों को सही दवा मिल सके।

श्री दारा सिंह चौहान : केंद्र सरकार के पास वैक्सीन नहीं है, इसलिए वैक्सीन को जल्द उपलब्ध कराए।

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): महोदया, मैं अपने को इस विषय से सम्बद्ध करता हूं।